## एक नजर में

### 1675 बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे 13 लाख से अधिक मतदाताओं से सम्पर्क

**बालाघाट।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 01 जनवरी 2026 के आधार पर निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य बालाघाट जिले में भी प्रारंभ कर दिया गया है। जिले के सभी 1675 बीएलओ को गणना पत्रक का वितरण कर दिया गया है और वे 04 नवम्बर से घर-घर जाकर मतदाताओ से गणना पत्रक भरवा रहे है। गणना पत्रक भरने और जमा करने का कार्य 04 दिसम्?बर 2025 तक किया जाएगा। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत जिले के 1675 बीएलओ 13 लाख 70 हजार 312 मतदाताओं के घर-घर जाकर उनसे गणना पत्रक भरवाएंगे। इस दौरान मृत, स्थानांतरित, डुप्लीकेट व अपात्र मतदाता हटाने का काम किया जायेगा। साथ ही नए पात्र मतदाता जोड़े जायेंगे।


### कमला बाई के निधन से कुनबी समाज में शोक



**बालाघाट।** जिले के सर्व समाज मे लोकप्रिय पूर्व पुलिस इंस्पेक्टर दिनेश बढ़ई एवं संतोष बढ़ई की माता जी श्रीमती कमला बाई बढ़ई 89 वर्षीय लंबी बीमारी के बाद का कल सुबह 9.30 बजे स्वर्गवास हो गया है द्य इनका अंतिम यात्रा आज दिनांक 7 नवम्बर को प्रात: 10 बजे इनके निज निवास से मोक्षधाम जागपुर घाट के लिये निकाली जाएगी जहा उनका अंतिम संस्कार किया जावेगा । इनके निधन से कुनबी समाज के साथ सर्व समाज मे शोक की लहर छा गई है। सर्व समाज ने एक सभा का आयोजन कर माताजी श्रीमती कमला बाई को श्रद्धांजलि अर्पित किया वहीं परिवार को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करने भगवान से प्रार्थना की है ।

**निर्मम हत्या** | बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र में सीरियल किलिंग

# घर में घुसकर पति-पत्नी की हत्या







### पुलिस से एक गुत्थी सुलझी नहीं और दूसरी बनी चुनौती

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट में गुरुवार सुबह एक घर में पति-पत्नी के शव मिले हैं। दोनों का गला रेता गया है। पूरे घर में खून फैला हुआ मिला है। घटना कटंगी में वार्ड क्रमांक 2 अर्जुन नाला की है।


सिंचाई विभाग के रिटायर्ड ड्राइवर रमेश हाके का शव बेडरूम और उनकी पत्नी पुष्पकला का शव किचन में खून से लथपथ मिला। दोनों के गले पर धारदार हथियार से काटने के निशान हैं। आसपास सामान बिखरा हुआ मिला, जिससे पुलिस अंदाजा लगा रही है कि हत्या से पहले दंपती ने हमलावरों से संघर्ष किया होगा।

गुरुवार सुबह दूधवाला रमेश हाके के घर पहुंचा। घंटी बजाने पर भी कोई जवाब नहीं मिला। दूधवाले ने पास ही रहने वाले रमेश हाके के भांजे घनश्याम लांजे को इसकी जानकारी दी। घनश्याम ने घर में जाकर देखा तो मेन गेट खुला हुआ था और मामा-मामी के शव अंदर पड़े थे। पुलिस को घर के अंदर के सामान की पूरी जानकारी अभी तक नहीं मिली है। डॉग स्कॉड की टीम को बुलाया है।

पुलिस ने बताया कि रमेश और पुष्पकला के दो बेटे सुनील और योगेश नागपुर में रहते हैं। दोनों सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। वे दिवाली पर माता-पिता के पास आए थे। 26 अक्टूबर को वापस नागपुर चले गए थे।

एसडीओपी और पुलिस टीम के साथ एफएसएल टीम घटनास्थल पर जांच कर रही है। एएसपी निहित उपाध्याय भी मौके पर पहुंचे। एएसपी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दंपती की हत्या धारदार हथियार से की गई है। विस्तृत जांच के बाद ही आगे की जानकारी दी जा सकेगी।

कटंगी में दो महीने में दंपती की हत्या की दूसरी बड़ी वारदात है। इससे पहले 14 सितंबर को मोहगांव नांदी निवासी हार्डवेयर कारोबारी हेमेन्द्र बिसेन और उनकी पत्नी योगिता बिसेन की भी हत्या की गई थी। उस मामले में भी अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है, जिससे क्षेत्रीय लोगों में डर का माहौल है। इन दोनों मामलों में एक समानता ये है कि घटना को उस वक्त अंजाम दिया गया जब पति-पत्नी घर पर अकेले थे।



## स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने एसडीएम ने तैयार किया पायलेट प्रोजेक्ट

**नवभारत, बैहर।** बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता द्वारा बैहर विकासखंड के दूरस्थ एवं दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की सुदृढ़ता एवं सुगम उपलब?धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से 05 नवंबर 2025 को विकासखण्ड बैहर के समस्त शासकीय चिकित्सकों की बैठक आहूत की गई, जिसमें खण्ड चिकित्सा अधिकारी, बैहर सहित सभी चिकित्सा अधिकारी एवं अनुबंधित चिकित्सक भी उपस्थित रहें बैठक में उपस्थित चिकित्सकों द्वारा अवगत कराया गया कि, दूरवर्ती ग्रामों में मलेरिया, टायफाईड, उल्टी दस्त आदि रोग लगातार फैलते रहते हैं । इसके साथ ही हाट-बाजार वाले दिनों में मरीजों की संख्या काफी बढ़ जाती है, जिसके अनुपात में उपलब्ध चिकित्सकों की संख्या सीमित होने से उपचार व्यवस्था पर दबाव पड़ता है एवं मरीज अप्रशिक्षित व्यक्तियों के पास ईलाज के लिए जाते हैं एवं कई बार रोग ठीक होने के स्थान पर मरीज की स्थिति और अधिक खराब हो जाने से काफी अधिक नुकसान एवं कई प्रकरणों में मृत्यु तक हो जाती है ।

इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विशेष पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर आगामी 15 दिनों तक विकासखण्ड बैहर के (1) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गढ़ी में प्रति मंगलवार एवं गुरूवार (2) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिठली में प्रति मंगलवार एवं शुक्रवार तथा (3) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भण्डेरी में प्रति सोमवार दो अतिरिक्त चिकित्सकों को भेजने के लिए एसडीएम श्री गुप्ता द्वारा खण्ड चिकित्सा अधिकारी, बैहर को निर्देशित किया गया एवं आमजन से यह अपील की गई है कि वे इस व्यवस्था का अधिक से अधिक लाभ उठाएं ।

## अंतर्राष्ट्रीय मंच पर मॉयल की चमक, बालाघाट खान को मिला गोल्ड मैडल

**नवभारत, बालाघाट।** मॉयल लिमिटेड जिसकी बालाघाट जिले में चार खदान है। अंतरराष्ट्रीय क्वालिटी सर्कल सम्मेलन 2025 का आयोजन 3 से 6 नवंबर तक ताइपेई, ताइवान में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसमें विश्व के 16 देशों की विभिन्न टीमों ने भाग लिया। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय आयोजन में भारत की ओर से मॉयल लिमिटेड, नागपुर की 'अविघ्न क्वालिटी सर्कल टीम' का चयन किया गया था।



अविघ्न टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, तकनीकी ज्ञान, नवाचारपूर्ण विचारों और बेहतरीन समस्या-समाधान क्षमता का परिचय देते हुए गोल्ड अवार्ड जीतकर देश और मॉयल का नाम गौरवान्वित किया। यह सफलता मॉयल लिमिटेड की गुणवत्ता, समर्पण, नवाचार और टीम भावना की सशक्त मिसाल है। टीम ने न केवल अपने प्रोजेक्ट की प्रस्तुति में दक्षता दिखाई बल्कि व्यावहारिक समाधानों के माध्यम से संगठन के उत्पादन और कार्यकुशलता में सुधार के उपाय भी प्रस्तुत किए। अविघ्न टीम बालाघाट खान में श्री उम्मेद सिंह भाटी, श्री संतोष कुमार राव, श्री नरेश सिंह सोमवंशी और श्री मनोज उमाले सम्मिलित रहे, जिन्होंने परिश्रम, एकजुटता और उत्कृष्ट टीमवर्क का परिचय दिया।

इस सफलता के पीछे उनकी लगन और सतत प्रयास महत्वपूर्ण रहे। इस उपलब्धि पर अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक श्री उम्मेद सिंह भाटी ने कहा कि यह पुरस्कार हमारी टीम भावना, नवाचार और गुणवत्तापरक कार्य के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है, जो पूरे मॉयल परिवार के लिए गर्व की बात है।

## गुरुनानक जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

### धन गुरुनानक व गुरु वाणी से गूंजा नगर

**नवभारत, वारासिवनी।** गुरुनानक देव के प्रकाश उत्सव पर्व के अवसर पर नगर में सिंधी समाज द्वारा विगत 15 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्थानीय गुरुनानक मंदिर से प्रतिदिन श्रद्धालुओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। जो प्रत्येक दिन नगर के विभिन्न वार्डो व हिस्सों का भ्रमण कर वापस मंदिर में पहुँचती रही, जहॉ पर प्रतिदिन प्रसादी का वितरण किया गया।



गुरु नानक देव जयंती के अवसर पर गुरुनानक मंदिर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रात: काल सिंधी समाज के श्रद्धालु युवक-युवतियों द्वारा धन गुरुनानक व गुरु वाणी का गान करते हुए प्रभात फेरी निकाली गई। उसके बाद सुबह लगभग 10 बजे युवक-युवतियों द्वारा बैंड बाजे की धुन पर बाईक रैली निकाली गई। यह रैली गुरुनानक मंदिर से निकल कर पूरे नगर का भ्रमण कर वापस मंदिर पहुँची।

बाईक रैली के मंदिर परिसर पहुँचने के बाद गुरुनानक देव व पाठ साहब की पूजा अर्चना की गई। उसके बाद लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें सिंधी समाज सहित नगर के अन्य समाज के नागरिकों द्वारा भी भाग लेकर महाप्रसादी ग्रहण किया गया। पूजा के दौरान विधायक विवेक विक्की पटेल, पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, भूतपूर्व विधायक डॉ. योगेन्द्र निर्मल, जिला पंचायत पूर्व सदस्य विक्रम देशमुख, राहुल प्रियंका गॉधी विचार मंच जिलाध्यक्ष जावेद अली, पूर्व पार्षद विवेक विक्की एड़े सहित सिंधी समाज के पदाधिकारीगण और श्रद्धालुगणों ने गुरुनानक देव व पाठ साहब की पूजा अर्चना की।

### नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैंक अधिकारियों की हुई बैठक

**बालाघाट।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में 13 दिसम्बर 2025 (शनिवार) को जिला न्यायालयों/तालुका न्यायालयों, श्रम न्यायालयों, कुटुम्ब न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें न्यायालयीन लंबित दीवानी एवं आपराधिक शमनीय मामलों एवं बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर, संपत्तिकर आदि प्री-लिटिगेषन प्रकरणों सहित सभी प्रकार के मामले निराकरण के लिए रखे जायेगें। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन की दृष्टि से 06 नवम्बर को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सतीष शर्मा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे द्वारा समस्त बैंक अधिकारियों की बैठक ली गई।

## पार्षद आशुतोष बने युवक कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष

**नवभारत, बालाघाट।** मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष यश घनघोरिया,युवा कांग्रेस बालाघाट के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष शिवम विश्वकर्मा के साथ बालाघाट जिला उपाध्यक्ष पद पर जुझारू पार्षद आशुतोष डहरवाल बनाये गये है द्य इनकी नियुक्ति पर समस्त ईष्ट मित्रों सहित चाहने वालों ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित किये है ।

इस नियुक्ति पर पार्षद आशुतोष ने कहा कि कॉंग्रेस पार्टी के आला पदाधिकारियों ने उन पर भरोसा जताया है



उसके लिये उन सभी का धन्यवाद और आभार मानता हूं और हम हमेशा जिला युवा कांग्रेस बालाघाट में नवऊर्जा का संचार कर संघठन को नई मजबूती प्रदान करेंगे।

## सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत परसवाड़ा विधानसभा चयन स्पर्धा का हुआ आयोजन

### बैडमिंटन, कराते, शतरंज में खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह

**नवभारत, बालाघाट।** सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत 06 नवम्बर को परसवाड़ा विधानसभा चयन स्पर्धा का आयोजन मुलना स्टेडियम खेल और युवा कल्याण विभाग के बैडमिंटन हॉल, परिसर एवं जिला कराटे प्रशिक्षण केंद्र में किया गया, जिसमें बैडमिंटन शतरंज एवं कराते खेलो का आयोजन किया गया। सांसद श्रीमती भारती पारधी के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ परसवाड़ा विधानसभा प्रभारी श्री तपन राजा चौधरी एवं खेल चयन स्पर्धा श्री जिला खेल अधिकारी श्री अभिषेक चौधरी के नेतृत्व में



किया गया।

खेल प्रशिक्षक श्री सचिंद्र कृष्णन ने बताया कि इस खेल आयोजन में शतरंज में बालक वर्ग में प्रथम देवेंद्र दमाहे एवं बालिका वर्ग में प्रथम मोनाली बिसेन रहीं। इसी तरह बैडमिंटन में अर्पित मारसवोलै, अमन परते, अभिषेक खरे, सत्यम पांडे, सूर्यकांत सय्याम एवं बालिका वर्ग में हर्षा वाडिवा, मानसी बिसेन एवं गरिमा बिसेन ने स?थान पाया। इसके साथ ही कराते में बालक वर्ग में लक्की डोमेन, अंश खोबरागड़े एवं बालिका वर्ग में पल्लवी लिल्हारे, स्वाति पटले, अंजलि गोंदुडे एवं तमन्ना कुथे ने इन सभी प्रतियोगियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस दौरान बताया गया कि आगामी परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र सांसद खेल महोत्सव की चयन स्पर्धा 8 नवंबर को परसवाड़ा आदिवासी छात्रावास मैदान में कबड्डी, वालीबाल, रस्साकसी एवं महाविद्यालय परसवाड़ा ग्राम लिंगा में एथलेटिक्स खेल की विधा होगी एवं बगदरा ग्राम जागृति मंदिर (बालाघाट) परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 9 नवंबर को कुश्ती खेल का आयोजन होगा।

## हॉकी इंडिया के सौ वर्ष पूर्ण, स्व .रमणीकलाल त्रिवेदी दर्शक दीर्घा का लोकार्पण आज

**नवभारत,बालाघाट।** नेहरू स्पोर्टिंग क्लब बालाघाट द्वारा हॉकी इंडिया के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शहीद चंद्रशेखर एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउण्ड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर 7 नवम्बर शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे स्व. श्री रमणीकलाल त्रिवेदी दर्शक दीर्घा का लोकार्पण कलेक्टर मृणाल मीणा के प्रमुख उपस्थित में किया जाएंगा। इस संबंध में नेहरू स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी ने बताया कि एस्ट्रोटर्फ मैदान की सौगात जिलेवासियों को काफी लंबे इंतजार के बाद मिली है। टर्फ मैदान में इस वर्ष अखिल भारतीय स्वर्ण कप हॉकी टूर्नामेंट भी कराया गया। जिसमें देश की बेहतरीन टीमों ने शामिल होकर अपना शानदार प्रदर्शन किया। टर्फ मैदान में नवीन शाला की ओर दर्शकों के बैठक व्यवस्था के लिये गैलरी की सुविधा नहीं होने से मेरे द्वारा अपने पिता स्व. रमणीक लाल त्रिवेदी की स्मृति में रमणीक लाल त्रिवेदी दर्शक दीर्घा का निर्माण करीब 30 लाख की लागत से किया गया है। नव-निर्मित दर्शका दीर्घा का लोकार्पण हॉकी इंडिया के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष में नारायण सिंह मेमोरियल अखिल भारतीय स्वर्ण कप हॉकी टूर्नामेंट में देश की नामी गिरामी टीमों को बुलाने का प्रयास किया जाएंगा।

इस अवसर पर नेहरू स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी व सचिव विजय वर्मा ने क्लब के सभी पदाधिकारी व हॉकी खिलाड़ी एवं खेल प्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।

## कार्तिक पूर्णिमा पर श्रीराम बालाजी मंदिर रामपायली और बेनी के कार्यक्रम में शामिल हुये पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल

**नवभारत, वारासिवनी।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रीराम बालाजी मंदिर रामपायली और श्रीराम मंदिर बेनी मे टिपूर प्रज्जवलन के कार्यक्रम मे पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल भी आस्था के भावो के साथ उपस्थित रहे। रामपायली मे जंहा पंचायत भवन मे अधिकारीयो व जनप्रतिनिधीयो की बैठक मे उन्होने मेले के दौरान अपार भक्तो की सुविधाओ का ख्याल रखने के निर्देश दिये। वही बेनी मे मंदिर मे शिखर तक जाने के कार्य के लिये स्थायी सीढि के निर्माण का भक्तो को आश्वासन दिया।



क्षेत्र के सबसे बडे मेले की श्रीराम बालाजी मन्दिर रामपायली में टीपुर जलने की परंपरा के साथ ही शुरूवात हो गयी है। कार्यक्रम की शुरूवात मे रामपायली मुख्य चैक से नगर भ्रमण कर परंपरा का पालन करते हुये भक्तो की रैली भी अनेको आकर्षण के साथ प्रसिद्व मंदिर पहुची।इन पावन पलो के पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, जप अध्यक्ष श्रीमती माया उइके,अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्तिकेय जायसवाल, जप उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा अमूले, भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले, शैलेन्द्र सेठी,अनीश मिश्रा आदि साक्षी भी बने।

हर्षाजली ग्रुप केवलारी की प्रस्तुति के बीच आतिशबाजी, दुलदुल घोड़ी एवं दीप नृत्य की सराहना करते हुये गुड्डा भैया ने कहा की कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान, दीपदान, और भगवान श्रीराम की पूजा का विशेष महत्व है। मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा पर जाकर दीपक जलाना, दान-पुण्य करना और पूजा-पाठ करना भक्तों को मोक्ष, धन और सुख-समृद्धि प्रदान करता है।

श्रीराम बालाजी मंदिर मे महाआरती के बाद रामधून के बीच निर्धारित समय मे टिपूर प्रज्जवलन किया गया। इस दौरान मे मंदिर मे स्थानीय व निकट के भक्तो का अपार समुदाय भी उपस्थित रहा।

इस कार्य के साथ ही बडे बडे झूलेयुक्त मेले की औपचारिक शुरूवात भी हो गयी। गौरतलब है कि जनपद पंचायत वारासिवनी द्वारा स्थानीय ग्राम पंचायत के सहयोग से सात दिवसीय मेले का परंपरा के अनुसार आयोजन किया जाता है।दूसरी ओर गुडडा भैया ने ग्राम पंचायत भवन में रामपायली मेले के विषय मे जप अध्यक्ष श्रीमती माया उइके,उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा अमुले,मुख्य अधिकारी दीक्षा जैन,सरपंच सन्दीप बाघमारे आदि के साथ समीक्षा कर भक्तों को सभी तरह की सुविधा प्रदान करने के निर्देश भी प्रदान किये।

**कार्यवाही** | बच्चों को दोबारा स्कूल बुलाया गया, अब जवाबदेही तय करने की मांग

# समग्र आईडी विवाद पर एसडीएम ने स्कूल प्राचार्या को नोटिस थमाया

**नवभारत, परसवाड़ा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीड़ी में समग्र आईडी त्रुटि के कारण दो आदिवासी छात्रों को परीक्षा से वंचित किए जाने का मामला अब तूल पकड़ रहा है। दैनिक भास्कर में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और इस पूरे प्रकरण पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) बैहर परसवाड़ा अर्पित गुप्ता ने संज्ञान लेते हुए विद्यालय प्राचार्या को नोटिस जारी किया है।

सूत्रों के अनुसार, एसडीएम ने प्राचार्या से लिखित जवाब मांगा है और उन्हें एसडीएम कार्यालय बैहर में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं।

### खबर का असर , हरकत में आया प्रशासन

खबर प्रकाशित 'समग्र आईडी त्रुटि का मामला दो आदिवासी छात्र परीक्षा से वंचित 'शीर्षक वाली रिपोर्ट के बाद शिक्षा विभाग और प्रशासन की



नींद टूटी। सूत्र बताते हैं कि समाचार छपने के कुछ ही घंटे बाद विद्यालय प्रबंधन ने आनन-फानन में दोनों छात्रों - सोनम मेरावी और देवराज उइके को स्कूल बुलाया । हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि 'अब बुला लेना समाधान नहीं है, क्योंकि जो मनोवैज्ञानिक और शैक्षणिक नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई कैसे होगी ?'

### सिर्फ़ साईकिल वापस लेना समाधान नहीं

विद्यालय प्राचार्या पर यह भी आरोप है कि उन्होंने छात्रा से शासन द्वारा दी गई साइकिल वापस ले ली, जो अध्ययन हेतु प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत दी गई थी। परिजनों का कहना है - 'सिस्टम की गलती की सज़ा बच्चों को देना न केवल अन्याय है, बल्कि शासन की मंशा के विपरीत भी है।'

### अब जवाबदेही तय करने की मांग

मामले पर ग्रामीणों ने कहना है कि सिर्फ नोटिस जारी करना पर्याप्त नहीं है। 'जरूरी है कि यह तय हो - गलती किसकी थी और सजा किसे मिलनी चाहिए ?'

ग्रामीणों का तर्क है कि प्राचार्या जैसे जिम्मेदार पद पर बैठा व्यक्ति यदि ऐसी लापरवाही करता है कि बच्चे का भविष्य अंधकारमय हो जाए, तो केवल औपचारिक कार्यवाही नहीं, बल्कि कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की आवश्यकता है।

यह प्रकरण एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करता है कि 'क्या शिक्षक का कार्य केवल विद्यालय में उपस्थिति दर्ज करना है, या वह अपने विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान में भी सहभागी है ?' जब तक प्रणाली बच्चों को केंद्र में रखकर काम नहीं करेगी, तब तक शिक्षा के अधिकार और हर बच्चे तक शिक्षा के सरकारी नारे खोखले ही रहेंगे।

बहरहाल खबर प्रकाशित होने पर जहाँ एक ओर प्रशासन को झकझोरा है, वहीं यह घटना शिक्षा तंत्र की जमीनी हकीकत भी उजागर करती है। अब सबकी निगाहें एसडीएम की जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं - क्या जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी या यह मामला भी फाइलों में दब जाएगा ?

### छात्रों के भविष्य पर उठे सवाल

यह पूरा मामला केवल एक तकनीकी त्रुटि का नहीं, बल्कि संवेदनहीन प्रशासनिक दृष्टिकोण का प्रतीक माना जा रहा है। प्रश्न यह उठता है कि - यदि समग्र आईडी में कोई त्रुटि थी, तो छह महीने तक स्कूल प्रबंधन ने क्या किया ? , क्या पालकों या जिम्मेदार अधिकारियों को बुलाकर समाधान नहीं निकाला जा सकता था ?, अर्धवार्षिक परीक्षा के दौरान ही किसी बच्चे को परीक्षा देने से रोकना - क्या यह बाल-केंद्रित शिक्षा की भावना के अनुरूप है ?, क्या सिस्टम की तकनीकी समस्या का समाधान पालक कर सकते हैं, या यह विद्यालय प्रबंधन की जिम्मेदारी थी ?